**खबर संक्षेप**

## आरटीई अधिनियम अंतर्गत प्राइवेट शालाओं की प्रथम प्रवेशित कक्षा में प्रवेश प्रारम्भ




**मण्डला।** निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12 (1) (ग) के प्रभावी क्रियान्वयन तथा कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के निःशुल्क प्रवेश हेतु सत्र 2025-26 के लिए 7 मई से प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। प्रथम चरण प्रवेश हेतु पात्रताधारी नर्सरी/केजी-1/केजी-2 के ऐसे बच्चे जिनकी आयु न्यूनतम तीन वर्ष से 6 वर्ष 6 माह होगी एवं कक्षा पहली में प्रवेश हेतु न्यूनतम आयु 6 वर्ष एवं अधिकतम आयु 7 वर्ष 6 माह तक के समस्त बच्चों का जिले के समस्त प्राइवेट शालाओं की प्रथम प्रवेशित कक्षा में (नर्सरी से पहली कक्षा की 25 प्रतिशत सीटों पर) सत्र 2025-26 के लिए निःशुल्क प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन 7 मई 2025 से शुरू हो रहे हैं। ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 21 मई 2025 है। निःशुल्क प्रवेश हेतु आवेदन केवल ऑनलाईन ही दर्ज होंगे ऑफलाईन आवेदन मान्य नहीं होंगे। किसी भी आवेदक द्वारा कार्यालय अथवा प्राईवेट स्कूल में आवेदन की हार्डकॉपी जमा नहीं की जाएगी। आवेदन स्वयं ही ऑनलाईन पोर्टल पर दर्ज कराए जा सकते हैं। आवेदन का प्रारूप आरटीई पोर्टल पर उपलब्ध है जिसे किसी भी व्यक्ति द्वारा बिना किसी पासवर्ड के निःशुल्क डाउनलोड किया जा सकता है। आवेदन पत्र पोर्टल की लिंक http//rteportal.mp. gov.ing है। आवेदकगण इस पर केवल ऑनलाईन ही आवेदन दर्ज करें। 7 मई से 23 मई 2025 तक जनशिक्षा केन्द्र पर आवेदन का सत्यापन कराया जा सकेगा। तत्पश्चात राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल से लॉटरी 29 मई 2025 के जरिए स्कूल आवंटन होगा। ऑनलाईन आवेदन में त्रुटि सुधार 7 मई से 21 मई 2025 में ही होगा, त्रुटि सुधारने की सुविधा पोर्टल पर ही दी गई है। स्कूल आबंटन होने उपरांत आवेदक 2 जून से 10 जून 2025 तक आबंटन पत्र डाउनलोड कर आबंटित स्कूल में उपस्थित होकर प्रवेश प्राप्त करेंगे। ऑनलाईन आवेदन के बाद पास के जनशिक्षा केन्द्र पर जाकर पालक को मूल दस्तावेजों से सत्यापन कराना अनिवार्य होगा। सत्यापन के अभाव में आवेदन प्रवेश के लिए लॉटरी में सम्मिलित नही हो सकेंगे।

### ग्रामीणों की चेतावनी, नहीं तो होगा बड़ा जनआंदोलन

# प्राचीन आदिवासी धरोहरों से खिलवाड़?





*** 'घुलघुल राजा-रानी' की प्रतिमाएं मूल स्थान पर स्थापित करने की मांग।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/निवास

जिला मंडला के निवास तहसील अंतर्गत ग्राम पोंड़ी के घुलघुल टोला और समीपवर्ती शेव टेकरी (घुरनेर) में स्थित घुलघुल राजा और रानी की प्रतिमाएं आदिवासी समाज की ऐतिहासिक व सांस्कृतिक आस्था का प्रतीक रही हैं। ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि लगभग पचास वर्ष पूर्व पुरातत्व विभाग द्वारा इन प्रतिमाओं को बिना किसी पूर्व सूचना या जनसहमति के ले जाकर कार्यालय में रखवा दिया गया, जो कि एक ऐतिहासिक और भावनात्मक धरोहर का हनन है।

ग्रामीणों का कहना है कि इन स्थलों पर वर्षों से धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियाँ होती रही हैं। क्षेत्र में यह मान्यता है कि घुलघुल राजा-रानी की प्रतिमाएं सामाजिक समस्याओं के समाधान हेतु पूजनीय रही हैं। आज भी स्थानीय समुदाय द्वारा भजन, कीर्तन, पूजन, पुराण आदि कार्यक्रम संपन्न होते हैं।

### धरोहर से खिलवाड़ का आरोप

क्षेत्रीय लोगों के अनुसार, मूर्तियों को यहा से लेजाते समय कई प्रतिमाओं को क्षति भी पहुंची, किसी का हाथ टूटा तो किसी का पैर। बिना समिति की सहमति और स्थानीय समाज की जानकारी के, प्रतिमाएं ले जाना न केवल सांस्कृतिक असंवेदनशीलता है, बल्कि जनभावनाओं का सीधा अपमान है।

### जनप्रतिनिधियों की निष्क्रियता पर आक्रोश

ग्रामीणों ने बताया कि कई बार विधायक, सांसद सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन को आवेदन व ज्ञापन दिए गए हैं, परंतु अब तक किसी स्तर पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया। इससे नाराज होकर अब पूरा आदिवासी समाज सोशल मीडिया और जनसंपर्क माध्यमों से अपनी मांग उठा रहा है।

### ग्रामीणों की प्रमुख मांगें

घुलघुल राजा और रानी की प्रतिमाओं को वापस उनके मूल स्थान पर स्थापित किया जाए। प्रतिमाओं के स्थलों को संरक्षित कर उन्हें 'प्राचीन आदिवासी धरोहर स्थल' के रूप में विकसित किया जाए। पुरातत्व विभाग द्वारा की गई लापरवाही की जांच कर दोषियों के विरुद्ध उचित कार्यवाही की जाए।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्यवाही नहीं हुई तो समस्त आदिवासी समाज और अन्य समुदाय मिलकर आंदोलन के लिए बाध्य होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी।

### इनका कहना है:-

*अभी इस संबंध मे ग्रामीणों द्वारा किसी प्रकार आवेदन आदि नही दिया, चूकि यह बात वर्षों पहले की है, आवेदन आने के बाद इस संबंध कार्यवाही की जावेगी।*

**-के.एल. डाभी,**
**उप संचालक, पुरातत्व विभाग मण्डला**

*निवास क्षेत्र की बहुत पुरानी मांग है कि घुलघुल राजा और रानी की मूर्तियों को मंडला संग्रहालय में रखा गया है उसे घुलघुल में ही उनके स्थान पर स्थापित कराया जाए जिससे उनकी विधीवत पूजा अर्चना की जा सके यहां मेला भरता था जिसमें दूर दूर से लोग दर्शन करने आते थे, हम सभी की मांग है कि उन्हें पुनः स्थापित कराया जाए ।*

**-प्रदीप जैन,**
**संयोजक जिला बनाओ संघर्ष समिति निवास, मण्डला**

*आपके द्वारा मामला संज्ञान में लाया गया है, इस संबंध मे विभाग को जल्द ही प्रतिमा को वापस किये जाने हेतु पत्र लिखूंगा।*

**-चैन सिंह वरकड़े,**
**विधायक, निवास विधानसभा मण्डला**







## सांसद एवं कलेक्टर ने लिया आदि उत्सव कार्यक्रम स्थल में तैयारियों का जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते एवं कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने रामनगर में आगामी 4 एवं 5 मई 2025 को होने वाले आदि उत्सव के कार्यक्रम स्थल पर जाकर तैयारियों का जायजा लिया। कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि हेलीपेड, ग्रीनरूम, कार्यक्रम स्थल के पास तक सड़क मरम्मत का कार्य पूर्ण कराएं। उन्होंने कार्यक्रम के लिए तैयार किए जा रहे स्टॉल, मंच, ग्रीनरूम, भोजन व्यवस्था आदि के विषय में जानकारी ली।

कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने कार्यक्रम स्थल के मैप के माध्यम से सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते को उत्सव की तैयारियों के विषय में अवगत कराया। साथ ही उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर पक्ष एवं वधु पक्ष के लिए पृथक-पृथक रूकने की व्यवस्था कराएं। कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई, आमजन की बैठक व्यवस्था, मंच, मंच के मिनिट-टू-मिनिट कार्यक्रम, भोजन, पेयजल, मेडीकल टीम, एम्बूलेंस, बेरीकेटिंग, साउंड सर्विस, हितलाभ वितरण, जोड़ों के विवाह कार्यक्रम आदि की तैयारियों को अंतिम रूप दें। कलेक्टर ने बताया कि आदि उत्सव के प्रथम दिन 4 मई को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आगमन तथा 5 मई को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह/निकाह कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगमन प्रस्तावित है। दोनों ही दिनों के लिए कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करें। उन्होंने हैल्थकैम्प, दिव्यांग शिविर, विभागों के स्टॉल, फूड स्टॉल आदि के लिए लगाए जा रहे टेंट एवं अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिए। स्थल निरीक्षण के दौरान सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते एवं कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने ध्वजपूजा स्थल, नर्मदा पूजा स्थल, मनोकामना मंदिर तथा ऐतिहासिक रामनगर किले का अवलोकन किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री शिवकुमार वर्मा, एसडीएम बिछिया सोनाली देव, एसडीएम घुघरी हुनेन्द्र घोरमारे, ईईआरईएस, ईईपीडब्ल्यूडी, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास रोहित बड़कुल, जिला परिवहन अधिकारी विमलेश गुप्ता, सीएमएचओ डॉ. केसी सरौते, सीईओ जनपद पंचायत बिछिया रमेश मंडावी सहित संबंधित उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने किया चौगान हेलीपेड का निरीक्षण



**मण्डला।** 4 एवं 5 मई 2025 को रामनगर में होने वाले आदि उत्सव को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने ग्राम चौगान स्थित हेलीपेड का अवलोकन करते हुए तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि हेलीपेड में सुरक्षा, बेरीकेटिंग, मेडीकल टीम आदि की व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें। हेलीपेड के नजदीक रखे मुर्रम तथा अन्य सामग्री को हटाकर व्यवस्थित करें। हेलीपेड से लगे हुए ग्रीन रूम की साफ-सफाई कराएं। ग्रीनरूम से लगे हुए शैड में स्वागत करने वाले माननीय जनप्रतिनिधिगण के लिए बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा, एसडीएम बिछिया सोनाली देव, एसडीएम घुघरी हुनेन्द्र घोरमारे, ईईआरईएस, ईईपीडब्ल्यूडी, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास रोहित बड़कुल, जिला परिवहन अधिकारी विमलेश गुप्ता, सीएमएचओ डॉ. केसी सरौते, सीईओ जनपद पंचायत बिछिया रमेश मंडावी सहित संबंधित उपस्थित थे।

## कृषि उपजमंडी अधिनियम के उल्लंघन पर लगाया जुर्माना

**मण्डला।** एसडीएम नैनपुर श्री आशुतोष एम. ठाकुर के दिशा निर्देश में गठित संयुक्त जाँच दल द्वारा कृषि उपज मण्डी नैनपुर क्षेत्रांतर्गत चिरईडोंगरी (रेल्वे) में मण्डी अनुज्ञप्तिधारी फर्म मेसर्स संजय साहू के गोदाम/प्रतिष्ठान का औचक निरीक्षण किया गया। तहसीलदार के नेतृत्व में की गई इस कार्यवाही में निरीक्षण के उपरान्त संबंधित फर्म के ई-अनुज्ञा पोर्टल स्टॉक तथा भौतिक गणना में पाई गई मात्रा में अंतर परिलक्षित होना, जिसमें कृषि उपज मण्डी अधिनियम 1972 तथा उपविधि-2000 के प्रावधानों का स्पष्टतः उल्लंघन किया जाना पाया गया। भारसाधक अधिकारी एसडीएम के निर्देशानुसार मण्डी अधिनियम 1972 एवं उपविधि-2000 की धारा 19 (4) तथा धारा-53 के अंतर्गत कार्यवाही करते हुये संबंधित फर्म कर प्रो. प्रा. श्री संजय साहू द्वारा कुल दाण्डिक मण्डी शुल्क 21567 रूपये समझौता शुल्क 5000 रूपये तथा निराश्रित शुल्क 4314 रूपये कुल जुर्माना राशि 30881 रूपये वसूल कर शासन के खजाने में जमा कराये गये।

## कलेक्टर ने किया स्कूल ग्राऊँड का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



रामनगर भ्रमण के दौरान कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने हायरसेकेंडरी स्कूल के ग्राऊँड का निरीक्षण किया। ग्राउंड में वैकल्पिक हेलीपेड बनाए जाने के संबंध में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से जानकारी लेते हुए उन्होंने कहा कि चौगान के तीन हेलीपेड के साथ-साथ इसे वैकल्पिक हेलीपेड के तौर पर तैयार रखें। अतिथियों के आगमन पर हेलीकॉप्टर्स की अधिक संख्या होने पर इसका उपयोग किया जायेगा। उन्होंने कहा कि हेलीपेड की सफाई, तैयारी, बेरीकेटिंग, ग्राउंड से सटे स्कूल अथवा हॉस्टल में ग्रीन रूम की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा, एसडीएम बिछिया सोनाली देव, एसडीएम घुघरी हुनेन्द्र घोरमारे, ईईआरईएस, ईईपीडब्ल्यूडी, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास रोहित बड़कुल, जिला परिवहन अधिकारी विमलेश गुप्ता, सीएमएचओ डॉ. केसी सरौते, सीईओ जनपद पंचायत बिछिया रमेश मंडावी सहित संबंधित उपस्थित थे।

**बैठक** | **कलेक्टर ने ली 4 एवं 5 मई को होने वाले आदि उत्सव के संबंध में अधिकारियों की बैठक।**

# आदि उत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप दें-कलेक्टर

*** जिला योजना भवन में बैठक आयोजित।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिला योजना भवन में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने आगामी 4 एवं 5 मई को होने वाले आदि उत्सव के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने निर्देशित किया कि आदि उत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप दें। सभी तैयारियाँ समय से पूर्व कराना सुनिश्चित करें। कार्यक्रम के दूसरे दिन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगमन प्रस्तावित है, इसके लिए टिकरवारा के कार्यक्रम की तरह ही तैयारियाँ कराएं। 5 मई को आदि उत्सव के दौरान मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह/निकाह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, इसके लिए सुबह से ही सामग्री वितरण, दुल्हन की तैयारी के साथ-साथ सभी जोड़ों को 10 बजे तक विवाह स्थल में पहुँचाने की तैयारी रखें। कलेक्टर ने कहा कि दोनों दिन अति विशिष्ट अतिथियों का आना प्रस्तावित है, इसलिए हेलीपेड, ग्रीन रूम, सड़क मार्ग, पार्किंग, बेरीकेटिंग, मंचीय व्यवस्था, पेयजल, चलित शौचालय इत्यादि की व्यापक व्यवस्थाएं करें। उन्होंने सहायक संचालक आदिवासी विकास को निर्देशित किया कि दोनों दिन के कार्यक्रम की मिनिट-टू-मिनिट डिटेल बनाएं, जिससे कार्यक्रम का सिक्वेंस बना रहे। कार्यक्रम स्थल पर हेल्थकैम्प के साथ-साथ मेडीकल की टीमें भी तैयार रखें। हितलाभ वितरण के कार्यक्रम को अंतिम रूप दें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा, एसडीएम बिछिया सोनाली देव, एसडीएम घुघरी हुनेन्द्र घोरमारे, एसडीओपी मंडला पीयूष मिश्रा, एसी ट्राईबल श्रीमती वंदना गुप्ता, उपसंचालक सामाजिक न्याय रोहित बड़कुल सहित संबंधित जिला अधिकारी उपस्थित थे।



## नारायणगंज विकासखंड के तालाब में श्रमदान कर किया संरक्षित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

दिनांक 01 मई 2025 को ग्राम टिकरिया पंचायत पटेहरा में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की टीम के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत तालाब में स्वच्छता एवं साफ सफाई कार्य किया गया इस कार्य में समाज कार्य में स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थीयों सभी परामर्शदाता सभी नव अंकुर संस्थाए प्रस्फुटन समितियां एवं ग्राम पंचायत पटेहरा के सचिव सरपंच एवं ग्रामवासी सभी मिलकर श्रमदान कर तालाब को स्वच्छ बनाने का कार्य किया इस कार्य के साथ-साथ सभी लोगों ने शपथ लिया, सुरेश कुमार सोनी,राकेश अग्रवाल वीरेंद्र अग्रवाल कृष्ण कुमार झारिया चंद्रकला पटेल विकासखंड समन्वयक अनिल कुमार मेहरा अमरनाथ मरकाम इंदिरा उईके की सहभागिता रही जल के संरक्षण और संवर्धन का संदेश जन-जन तक पहुंचे और इस भीषण गर्मी में सभी जीव जंतुओं को पानी की उपलब्धता हो सके इसका प्रयास और वर्षा जल का संरक्षण कैसे किया जाए इसका अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया यह तालाब के किनारे देवी का मंदिर है एवं धार्मिक महत्व का तालाब है इसके तटो पर वर्ष में एक बार मेला का आयोजन किया जाता है इसकी अपनी एक सांस्कृतिक पहचान हैइं जिसके कारण यह तालाब विख्यात है प्रसिद्ध है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत कोवरीकला जनपद पंचायत नारायणगंज मण्डला**

-:निविदा सूचना:-

ग्राम पंचायत कोवरीकला में समस्त पक्के निर्माण कार्य हेतु सामग्री लोहा, गिट्टी, सीमेंट, ईट, रेत आदि की आवश्यकता है वर्ष 2025-26 के लिये जी.एस.टी. बिल वाले निर्माण सामग्री सप्लायरों से बंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पटल पर पढ़ी व देखी जा सकती है।

सचिव
ग्राम पंचायत कोवरीकला
जनपद पंचायत नारायणगंज

सरपंच
ग्राम पंचायत कोवरीकला
जनपद पंचायत नारायणगंज

## खबर संक्षेप

### सड़क दुर्घटनाओं को बढ़ा रहे ट्रैक्टर

**हरिभूमि न्यूज/सिहोरा/बोहानी।** शहर में वाहनों की अंधा धुंध रफ्तार और इनकी बढ़ती हुई संख्या से आए दिन सड़क दुर्घटनाएँ हो रही हैं। अक्सर देखा जाता है कि सड़क पर जिन वाहनों की संख्या ज्यादा होती है, उनमें से मुख्य हैं कृषि कार्यों में प्रयुक्त होने वाले ट्रैक्टर जिनका सही मायने में देखा जावे तो रजि. सिर्फ कृषि कार्य के रूप में होता है। मगर लोगों द्वारा कृषि कार्य के नाम पर पंजीयन कराते हुये उनका उपयोग पूर्ण रूप से व्यवसाय में किया जाता है। जिसमें खुलेआम नियमों को नजर अंदाज करते हुये रेत का परिवहन करने के अन्य प्रकार का माल के साथ सवारियां ढ़ोने से इन ट्रैक्टर चालकों की वजह से ज्यादातर दुर्घटनाएँ होते हुये देखा जाना आम बात बन चुकी है। क्योंकि इनमें लगी ट्राली ट्रैक्टर मालिकों की अतिरिक्त आय का जरिया बन चुकी है? बिना टैक्स अदा करे निर्विघ्न रूप से क्षेत्र की सड़को पर तेज गति से दौड़ते यह ट्रैक्टर ट्राली सड़कों पर हादसों का प्रमुख करण बनने से नही चुके रहे है। मगर इसके बावजूद प्रशासन, परिवहन विभाग एवं पुलिस दुर्घटनाओं को आमंत्रण देते हुए दौड़ने वाले इन वाहनों पर कार्यवाही करने में अक्षम सिद्ध हो रहे हैं?

### सरकार द्वारा स्कूलों में दिये गये कम्पूटर खा रहे धूल?

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** शिक्षा के क्षेत्र में सरकार द्वारा बच्चों को जिस प्रकार से सुविधाएं प्रदान की जा रही है यदि उनका उन्हें सही लाभ मिल जावे तो निश्चित ही उनकी किस्मत बदलने में देर नही लग सकती है। मगर इन योजनाओं के लाभ से बच्चे कम व विभाग से जुडे अधिकारियों को अधिक लाभ होते हुए देखा जा रहा है? कुछ इसी प्रकार से गौर किया जावे तो विगत कुछ वर्षो पूर्व मध्यप्रदेश शासन शिक्षा विभाग मंत्रालय द्वारा जारी दिशा निर्देश के मुताबिक अनेक गांवों के मिडिल स्कूलों मे कम्प्यूटर ज्ञान देने खातिर मयसेट कम्प्यूटर रखाये गये थें, जिनका कभी किसी छात्र को लाभ तो हुआ नही मगर इन कम्प्यूटरों की स्थिति देखी जावे तो कुछ चोरी चले गये। कुछ के आधें अधूरे सिस्टम शेष है तो कई कोठरी मे बंद पडे आज भी सड़ रहे है और कुछ अध्यापक व प्रध्यापक के घर की शोभा बढ़ा रहे है..?

### क्षेत्र की पंचायतों में हुये निर्माण कार्यो की जांच से उजागर हो सकती है गुणवत्ता की सच्चाई?

**हरिभूमि न्यूज/कौड़िया।** जिस प्रकार से लोग अपनी ग्राम पंचातयों में किसी जनप्रतिनिधि का चुनाव करती है तो उसे उससे काफी उम्मीदे रहते हुए ग्राम के विकास की बाट जोही जाती है। मगर अक्सर देखा जाता है कि कुर्सी मिलने के बाद वह ग्राम विकास को भूलकर सिर्फ अपनी विकास की ओर ध्यान देने से नही चूकता है? इस बात की सच्चाई ग्राम पंचायतों के पूर्व सरपंचों के कार्यकाल खत्म होने के बाद जब नई पंचातयों का गठन हुआ तो ऐसा जान पड़ा की शायद अब ग्रामों की तस्वीर बदल जावेगी..? मगर ऐसा कुछ हुआ जान नही पड़ रहा है और लगभत तीन वर्ष बीत चुके है। यदि पूर्व के समय के सरपंचो के कार्यकाल पर गौर किया जावे तो उनके द्वारा किये गये भ्रष्टाचार को लेकर अनेक ग्राम पंचायतों की कार्य प्रणाली के खिलाफ आज भी अंगुली उठ रही रही हैं..? सरपंचों के खिलाफ शिकायतों का आनवरत सिलसिला जारी है, जिम्मेदार अधिकारियों के पास ऐसी अनेक शिकायतें निराकरण की बाट जोह रही है जिनकी यानि निष्ठा के साथ जांच हो जावे तो पंचायतों में हुए घोटालों की सच्चाई सामने आ सकती है..? वैसे सच यह भी है कि यदि प्रशासन इन शिकायतों के प्रति गंभीर रूप अख्तियार करता तो अनेक ग्राम पंचायतों के सरपंचो द्वारा पूर्व में डकारी गई शासकीय राशि अपने घर से चुकानी पड सकती है? दरअसल ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्य सबसे अधिक शिकायतों के केन्द्र बिन्दु बने हुए हैं..? निर्माण कार्यों में अनियमितता बरतने की शिकायत आम तौर पर है क्योंकि सरपंचों के पास पांच लाख रूपये तक के निर्माण कार्य किये जाने का अधिकार था।

## लोधी क्षत्रिय समाज के आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन में प्रदेश के पंचायत व ग्रामीण मंत्री प्रहलाद पटैल सहित सांसद दर्शन सिंह चौधरी रहे मौजूद

# यदि समाज को तरक्की की बुलंदियों पर ले जाना है तो युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने का संकल्प जरूरी है- पटैल







**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** बुधवार को अक्षय तृतीया के मौके पर जहां क्षेत्र में शादियों की धूम मची हुई देखने मिली तो अनेक जगहों पर मुख्य मंत्री कन्यादान योजना व समाज स्तर के सामूहिक विवाह सम्मने के आयोजन भी होते हुये देखे गये। इसी प्रकार से रानी अवंती बाई क्षेत्रीय समिति के तत्वाधान में लोधी क्षत्रीय समाज द्वारा लगातार सत्रहवां आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन सालीचौका पोड़ार तिरहा शिव मंदिर प्रागंण में आयोजित किया गया। इस सामूहिक विवाह सम्मलेन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के पंचायत व ग्रामीण प्रहलाद सिंह पटैल शामिल हुये। वही विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी मौजूगदी रही तो आयोजन की अध्यक्षता प्रदेश के पूर्व मंत्री व लोधी समाज के प्रांतीय अध्यक्ष जालम सिंह पटैल द्वारा की गई। वही अन्य अतिथियों के रूप में भाजपा के जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक, गाडरवारा नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, देवेन्द्र सिंह पटैल गुड्डू भैया, रामनारायण बडकुड, श्रीमती कांति पटेल राष्ट्रीय अध्यक्ष लोधी समाज, दिनेश, मंहत प्रीतमपुरी, अशोक वर्मा जिला अध्यक्ष लोधी सहित सभी अतिथियों का आयोजन समिति द्वारा पुष्प मालाओं के साथ स्वागत किया गया। अक्षय तृतीया के मौके पर आयोजित लोधी क्षत्रीय समाज के सामूहिक विवाहन सम्मेलन में 37 जोड़े परिणय सूत्र से बंधकर अपनी दाम्यपत्य जीवन की शुरूआत करने वालों को मौजूद अतिथियों द्वारा आर्शीवाद दिया गया। इस समय लगतार बढ़ रही बढ़ रही महंगाई के बीच हर माता पिता को अपनी बेटी का विवाह करना मुश्किलों से कम नही होता है। मगर इस तरह आयोजित किये जाने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलनों के माध्यम से माँ बाप को अपनी बेटी के हाथ पीले करने में किसी तरह से परेशानियों से नही जूझना पड़ता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुये क्षत्रीय लोधी समाज द्वारा बीते हुये 17 सालों से अक्षय तृतीया के मौके पर सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन करते चली आ रही है। इस तरह लोधी समाज द्वारा आयोजित किये जाने वाला सामूहिक सम्मेलन संपूर्ण क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बना चुका है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व प्रदेश के कैविनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटैल द्वारा मौजूद वर बधु सहित सामाजिक लोगों को संबोधित करते हुये कहा कि बड़े ही सौभाग्य की बात है कि आज अक्षय तृतीया के अवसर पर लोधी समाज 34 जोड़ों का विवाह संपन्न कराने जा रहा है। क्योंकि लोगों को एक बेटी का कन्यादान करने का अवसर प्राप्त होता है तो वह अपने आपकों बड़ा सौभाग्य शाली समझता है। मगर आज मुझे एक साथ 34 बेटियों का कन्यादान के महायज्ञ में शामिल होने का अवसर प्राप्त होना निश्चित एक बड़ी बात है। इस मौके पर मंत्री पटैल ने कहा कि आज तो युवा अपने दाम्पत्य जीवन की शुरूआत कर रहे है, बडे ही सौभाग्य की बात है। मगर में समाज के सभी युवाओं से अपेक्षा करता हूं की यदि समाज को तरक्की की बुलंदियों पर ले जाना है तो नशे की महामारी से दूर रहना होगा। क्योंकि युवा हर समाज में रीड की हड्डी के समान होते है। यदि वही युवा पीढ़ी पुरी आदत नशे की लत में फंस जावे तो उस समाज को बर्बाद होने से कोई नही रोक सकता है। मै कहता हूं कि इस सामूहिक विवाह सम्मेलन के महायज्ञ में शामिल हुये वर बधु के आलवा समाज के सभी युवा शपथ लेवे के वह आज से किसी भी प्रकार से कोई नशा नही करेगे और न ही करने देगे तो समाज के तरक्की को कोई रोकने वाला नही है। नशें की लत का शिकार होने पर युवा अपनी जिन्दगी को तो बर्बाद करता ही है साथ ही साथ उसका पूरा परिवार व समाज भी बर्बाद होने से नही बच पाता है। इस जिस युवाओं ने अपने नये दाम्पत्य जीवन की शुरूआत की गई है उनको हार्दिक शुभकानाये के साथ मेरा आर्शीवाद है। वही दूसरी ओर आयोजन समिति को भी धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने बहुत अच्छी व्यवस्थाएं के साथ इस विवाह सम्मेलन को संपन्न कराया गया है। क्योंकि जब किसी के घर में शादी होती है तो पूरा परिवार एक माह पहले से तैयारियों में जुट जाता है। यहां पर तो 34 बेटियों की शादी संपन्न कराने के लिये आयोजन समिति को कितनी मेहनात करना पड़ी होगी इस बात को मैं अच्छे से समझ सकता हूँ। और सभी समिति के सदस्य धन्यवाद के पात्र हैं जिनकी कड़ी मेहनत से यह विवाह सम्मेलन 17 वर्षो से लगातार होता आ रहा है जहां एक और समाज को नई दिशा प्रदान की जा रही है। वही कार्यक्रम को क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी द्वारा भी संबोधित करते हुए कहा कि लोधी समाज एक गौरवशाली समाज है जो अपनी ही दम पर इतना बड़ा आयोजन किया उसके लिए आयोजन समिति धन्यवाद की बात है। क्योंकि लोधी समाज के इतिहास पर नजर डाली जावे तो वीरांगना रानी अवंती बाई ने देश की आजादी की लड़ाई में जिस तरह भूमिका निभाते हुये अपनी



जान का बलिदान दिया गया है उसे देश कभी भूल नही सकता है। आज उनके वंशजों के द्वारा इस तरह विशाल आयोजन किया करते हुये बेटियों की शादी करते हुये जिस तरह पुण्य का काम किया जा रहा है यह किसी के बश की बात नही है। वैसें तो सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन सरकार द्वारा भी किया जाता है। मगर लोधी समाज द्वारा आत्म निर्भर रहते हुये इस तरह का आयोजन करना निश्चित ही उल्लेखनीय है। इस प्रकार से इस कार्यक्रम को अन्य अतिथियों द्वारा भी संबोधित करते हुये अपने विचार रखे गये। इस मौके पर आयोजन समिति द्वारा सभी अतिथियों को रानी अवंती बाई स्मृति चिन्ह भी भेंट करते हुये सम्मानित किया गया। वही वर वधु को आयोजन समिति द्वारा अपनी ओर से साड़ी, मंगल सूत्र, विछिया पायल, पांच वर्तन, श्रृंगार पेटी सहित अन्य सामग्री प्रदान की गई। इस मौके पर मुख्य रूप से अशोक कुमार सिलोकिया, अमर राज पटेल, सुरेश पटेल, हेमराज बेटवार, जय प्रकाश वर्मा, रामकुमार बड़कुर, शोभाराम, भाव सिंह वर्मा, राम सिंह वर्मा, राजकुमार वर्मा, विश्राम वर्मा, भगवान दास पगरवार, सुरेंद्र पटेल, शोभाराम वर्मा, गंगाराम वर्मा, जानकी भमोरिया, भीकम वर्मा, भगवान दास पटेल सांवरी, मूलचंद पटेल सहित समाज के सैकड़ो की संख्या में सामाजिक बंधु मौजूद थें जिन्होंने वर बधु को अपना आर्शीवाद प्रदन किया गया। वही सामूहिक विवाह सम्मेलन के माध्यम से अपने दाम्यपत्य जीवन की शुरूआत करने वालें जोड़ो में चि.मनीष/ मनोहर छोटी बाबई संग सौ.का.शिवाजी/ लखन लाल खिरिया, कमल/राजेश कौशल हरदा संग अंशु/सुरेश कुमार रौंसरा, संतोष/रामफल आमगांव छोटा संग मीना/दशरथ भटेरा, प्रदीप/काशीराम भाड़ोन संग पूजा/दशराथ भटेरा, राजेश/मोहन लाल खापरिया किशोर संग रीना/दुर्गा प्रसाद बम्हौरी, नीतेश/रामसिंह आमगांव छोटा संग छाया/भागचंद पौडार, नीलेश/कन्छेदी लाल बसुरिया संग वर्षा/लखन लाल बंधी तेंदूखेडा, हर्षित/दयाशंकर सतलापुर संग प्रियंका/आजाद सिंह अमाड़ा, आदर्श/प्रीतम सिंह बारछी संग कविता/भोजराज भटेरा, अभिषेक्ष/कमलेश मोहड़ कला संग यशवती/प्रदीप आंडेगांव, धमेन्द्र/होती लाल आमगांव छोटा संग पूजा/मोहन सिलारी, आशीष/प्रेम नारायण आडेगांव संग रिंकी/उमेश सिंह सडरई, गोविंद/भगवत सिंह केकरा संग शिवानी/यशवत सिंह केकडा, शिवराज सिंह/कहर सिंह खमतरा संग रामदेवी/दिलावर सिंह बहेरिया, सरल/नन्हे लाल सालीचौका संग रिया/महेन्द्र लोधी घाना रायसेन, मन मोहन/चंदन सिंह छिकरा संग वंदना/मोहन लाल आमगांव छोटा, राजेश/बद्री प्रसाद कुंडाली संग मुस्कान/हीरालाल पांजरा, प्रदीप/नारायण भटेरा संग मीरा/चंदन सिंह छितरा रायसेन, सौरभ/मोहन लाल आमगांव संग पूजा/नारायण भटेरा, सूरज/रामेश्वर पचामा संग आरती/परषोत्तम आमगांव, प्रतीक/नन्हे लाल भाडौन संग सीमा/गुड्डा भटेरा, हरगोंविद/परसराम कपूरी संग वर्षा/मुन्ना लाल भटेरा, आशीष/संतोष लोधी कामती पिठहरा संग यशवती/हल्केवीर पौडार, मनीष/लक्ष्मी नारायण सालीचौका संग अबंतिका/शंकर लाल मिढ़वानी, गोपाल/मोहन लाल भटेरा संग एकता/मोहन मारेगांव, दामोदर/संतोष झिरिया संग मालती/मूलचंद भाडोन, रोहित/लखन सिंह भटेरा संग शिवानी/मोहन सिंह नरहरा, काशीराम/तुलसीराम टपरियों खैरूआ संग निशा/रामबाबू केकडा, संतोष/ खेत सिंह बंधी तेंदूखेडा संग रितू /गोविंद रमपुरा सिहोरा, अमित/राम लाल बसुरिया संग आरती/रेवाराम पचामा, ब्रजेश/ नंद किशोर चितोड सीलारी संग दुर्गा जसमन सिंह मंजूष कला, रेवाराम/बाबू लाल मोथगांव संग कल्पना/रत्न सिंह खैरूआ टपरिया, धमेन्द्र/हीरालाल भाडौन संग रिया/ मंगल सिंह रमपुरा, तीरथ /साहब सिंह झिरिया माता संग लता मंशाराम केकरा का विवाह संपन्न हुआ।

## धूनी नगरी सांईखेड़ा में विप्र बंधुओं ने भगवान परशुराम जी का किया पूजन अर्चन



**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।**

अक्षय तृतीया के मौके पर सृष्टि की रचना करने वाले भगवान ब्रम्हाजी के अवसर परसुरामजी की जयंती पूरे भारत वर्ष में विप्र बंधुओं द्वारा बडे ही धूमधाम के साथ मनाई गई। इसी प्रकार से दादा धूनी वालों की नगर सांईखेड़ा में भी सर्व ब्राम्हण महासभा द्वारा भगवान परशुराम जी का अवतरण दिवस पर उनका पूजन किया गया। बताया जाता है कि दादा दरवार में अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर भगवान परशुराम जी के अवतरण दिवस पर वेद मंत्रोचारण के साथ राजेन्द्र दुबे द्वारा दादा दरवार से मौसीजी, शशिशेखर बसेडिया, अनिल मिढोतिया, अकिंत बसेडिया ने पूजन अर्चन कर महाआरती का आयोजन किया गया। इस मौके पर सभी तहसील कार्यकारिणी के संरक्षक गणों पदाधिकारियौं बरिष्ठ कनिष्ठ समाज बन्धुऔ की उपस्थति रही। वही बताया जाता है कि आने वाली 7 मई 2025 को संत एवं पुजारी गणों का सम्मान समारोह आयोजित किया जायेगा। जिसकी तैयारियाँ तथा कार्ययोजना प्रस्ताव सर्व ब्राम्हण महासभा तहसील साईखेडा के सचिव राकेश खेमरिया ने विस्तार से सभी कार्यकारिणी के सक्षम रखा गया। इस मौके पर कोषाध्यक्ष अनुरूध अवस्थी, सर्व ब्राम्हण महासभा तहसील साईखेडा अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, यूवा ईकाई अध्यक्ष अभिषेक बोहरे, व्यवस्था प्रवंन्धन भोलेश्वर बोहरे, निशांत बसेडिया, पूर्व अध्यक्ष भानु दीक्षित, संरक्षक भगतदास महंत, नागेन्द्र शर्मा, सुरेन्द्र बोहरे, लक्ष्मण पचौरी तहसील उपाध्यक्ष, श्रवण बसेडिया, आशीष शुक्ला, नगर अध्यक्ष आशीष तिवारी, अभिषेक बोहरे, नितिन तिवारी, रोहित अवस्थी दीपक बसेडिया, प्रशांत बोहरे, संकल्प शर्मा, महिमा बोहरे सहित महिला शक्ति भी मौजूद रही।

## पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री पहुंचे राय सहित अग्रवाल के आवास पर, स्वास्थ्य के संबंध में ली गई जानकारी





**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।**

कहा जाता है कि पार्टी हो या फिर संगठन यदि उसमें बड़े पद पर रहने वाला व्यक्ति अपने साथियों को याद करते हुये उन्हे सम्मान देता है तो उस पार्टी को सदा ही उच्च स्तर पर पहुंचते हुये देखा जाता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई जिले के भारतीय जनता पार्टी के नेता व पूर्व केन्द्रीय तथा वर्तमान में प्रदेश के पंचायत व ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटैल की कार्य शैली में देखने मिलता है। जो सदा ही अपनी पार्टी के वरिष्ठों को सम्मान देने में पीछे नही रहते है। बताया जाता है कि बीते हुये बुधवार को एक सामाजिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सालीचौका पधारे हुये पंचायत व ग्रामीण विकास मंत्री आगमन हुआ था। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में शामिल होने के बाद क्षेत्र के नेता व विधानसभा संयोजक राजीव राय के निवास पहुंच कर उनके स्वस्थ संबंधी हाल चाल जाना। इसके बाद वह पार्टी के वरिष्ठ नेता कंछेदी लाल अग्रवाल के घर पहुंचकर कैविनेट मंत्री प्रहलाद पटैल वयोवृद्ध अग्रवाल का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। इसके बाद पटैल हरिशंकर के घर पहुंचकर उनसे मुलाकात करते हुये शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। इस तरह सालीचौका आगमन के दौरान मंत्री पटैल द्वारा पार्टी के अन्य कार्यकर्ताओं सहित सामाजिक बंधुओं से मुलाकात की गई। इस मौके पर मंत्री पटैल के साथ क्षेत्र के भाजपा नेता रामनारायण बड़कुर, कुलदीप राय, अमरीश राय, जय प्रकाश वर्मा, सुरेश मामुलिया, कामता वर्मा मंडल अध्यक्ष, लक्ष्मीकांत तिवारी किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष , सीताराम चौकसे, मुकेश नगपुरिया, नरेश चोकसे, मयंक वर्मा, भैयाजी बघेले सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## सी एम राइज विद्यालय साईंखेड़ा में हुआ समर कैम्प के शुभारंभ पर ही सौ छात्र छात्राओं ने शामिल होकर रचा इतिहास





**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।**

मध्यप्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रतिवर्ष ग्रीष्म अवकाश के दौरान विद्यालयों में समर कैम्प का आयोजन कराया जाता है। क्योंकि गर्मी के अवकाश के दौरान देखा जाता है कि बच्चें पढ़ाई से ध्यान हटाकर अन्य दूसरे कार्यों में लग जाते है या फिर गर्मियों में घुमते रहते है जिसके चलते स्वास्थ्य पर भी विपरित असर पड़ते हुये देखा जाता है। इसी के चलते शासन द्वारा समर कैम्पों का आयोजन किया जाता है जिसके चलते स्कूली बच्चों में खेलों के प्रति रूझान बढ़ता है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी नगर के सी एम राइज विद्यालय में समर कैम्प की शुरुआत सरस्वती पूजन के साथ की गई। इस अवसर प संस्था केर प्राचार्य चंद्रकांत विश्वकर्मा ने उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों सहित पालकजनों तथा समाजसेवियों की उपस्थिति में इस शिविर का शुभारंभ किया गया। इस दौरान छात्रा रक्षा एवं मेघा द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। इसके पश्चात विद्यार्थियों की थीम अनुसार समूह निर्माण की प्रक्रिया शुरू की गई। ज्ञात हो कि समर कैम्पों को लेकर इस वर्ष सात प्रकार की थीम अलग अलग स्तर के विद्यार्थियों के लिए तय की गई हैं। संगीत शिक्षक तरुण श्रीवास्तव, ग्रंथपाल रीतेश अवस्थी, खेल प्रशिक्षक आदित्य द्विवेदी द्वारा विभिन्न रुचियों के अनुरूप विद्यार्थियों को समूहवार विभिन्न विधाओं की आरंभिक जानकारी प्रदान की गई। समर कैम्प के प्रभारी भानु प्रताप राजपूत और सहायक लालसिंह लोधी ने बताया कि आगामी 15 दिवसों तक चलने वाले इस समर कैम्प में अभी तक सौ से अधिक बच्चों ने पंजीयन कराया है। जैसे जैसे गतिविधि बढ़ेंगी संख्या में बढोत्तरी होती जाएगी। इसके साथ ही विभिन्न विधाओं में समाज में अपना स्थान बना चुके ख्यातिलब्ध कलाकारों, विशिष्ट व्यक्तित्वों और गणमान्य जनों को आमंत्रित कर विद्यार्थियों के लिए समर कैम्प न केवल रोचक अपितु ज्ञान वर्धक भी बनाया जा रहा है। संस्था प्राचार्य विश्वकर्मा ने बताया कि अंग्रेजी के स्पोकन कोर्स के लिए भी एक बैच तैयार किया जा रहा है जिसमे अंग्रेजी की शुरुआती कठिनाई को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। साईंखेड़ा की विकास खंड शिक्षा अधिकारी सुश्री सीमा डोंगरे ने विभिन्न विद्यालयों में समर कैम्प अवलोकन की बात कहते हुये निर्देश दिए हैं कि समर कैम्प पूर्ण गुणवत्ता और मनोरंजक गतिविधियों से भरपूर होना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकों की उपस्थिति रही।

## सांगई स्कूल में सर्वाधिक उपस्तिथि वाले विद्यार्थी को किया सम्मानित



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

समीपस्थ ग्राम सांगई एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला में नये शिक्षण सत्र के प्रथम माह अप्रैल के अंतिम दिन सर्वाधिक उपस्तिथि वाले विद्यार्थियों को शिक्षकों ने सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाया गया। बताया जाता है कि इस अवसर पर नये शिक्षा सत्र के प्रथम माह यानि की अप्रैल माह में सर्वाधिक उपस्थिति वाली छात्राओं में लक्ष्मी केवट एवं बबली केवट को शिक्षकों ने ट्राफी प्रदान करते हुये सम्मानित किया गया तो दूसरी ओर माध्यमिक शिक्षक मधुसूदन पटैल ने बताया कि विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्तिथि बढ़ाने के लिये प्रतिमाह सर्वाधिक उपस्तिथि वाले बच्चों को सम्मानित किया जाता है। सम्मानित हुए विद्यार्थियों को देखकर अन्य विद्यार्थी भी प्रतिदिन स्कूल आने के लिए प्रेरित होंगे। इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक दशरथ प्रसाद जाटव, विवेक नाईक, सुरेश चौहान, देवेंद्र ठाकुर, किरण लता ठाकुर एवं अतिथि शिक्षक रानू यादव मौजूद थी।






## खबर संक्षेप

### जीप और बाईक की आमने-सामने भिड़ंत मे 2 बाईक सवार की मौत



**अनूपपुर।** जिले के पुष्पराजगढ़ तहसील के राजेंद्रग्राम थाना अंतर्गत ग्राम लांघटोला के पटना में अनूपपुर तरफ से आ रही जीप व बाईक की आमने-सामने भिड़ंत से दो बाईक सवार युवको की मृत्यु हो गई। राजेंद्रग्राम पुलिस के अनुसार बुधवार- गुरूवार की रात्रि अनूपपुर तरफ से आ रही जीप क्रमांक एमपी 18 जेडई 6641 और राजेंद्रग्राम तरफ से जा रही दो पहिया वाहन क्रमांक एमपी 65 जेडबी 8695 की आमने-सामने भिड़त हो गई। भिड़ंत इतना जोरदार था कि एक बाईक सवार की घटना स्थल पर मृत्यु हो गई, वहीं दूसरे ने राजेंद्रग्राम अस्पताल पहुंचते ही दम तोड़ दिया। दोनों मृतकों में 31 वर्षीय सूर्यप्रकाश चौधरी निवासी ग्राम लाँघाटोला के हर्षशा मोहल्ला एवं 39 वर्षीय राजकुमार पनिका निवासी लाँघाटोला पटना के निवासी है। घटना की सूचना मिलते ही राजेंद्रग्राम पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल को अस्पताल भिजवाया। राजेंद्रग्राम थाना प्रभारी विरेन्द्र वडकडे ने बताया कि जीप व दो पहिया वाहन की आमने-सामने की भिड़ंत से दो पहिया वाहन में सवार दोनो युवको की मृत्यु हो गई हैं, मर्ग कायम कर जीप को थाना में खड़ा करा लिया हैं। गुरूवार को पोस्टमार्डम करा शव परिजनो को सौंपकर मामले की जांच की जा रही है।

### धार्मिक उन्माद के आरोपी को कोतमा पुलिस ने किया गिरफ्तार



**कोतमा।** आवेदक आनन्द शर्मा निवासी कोतमा व्दारा इस आशय का शिकायती आवेदन दिया गया कि पहलगांव आतंकी घटना को लेकर रिन्कू बंसल व्दारा की गई पोस्ट पर रामनाथ साहू व्दारा अश्लील कमेंट सब चोर है रिन्कू साथ ही सनातनियों पर अश्लील शब्दो का प्रयोग किये जाने पश्चात थाना कोतमा में अपराध क्र. 170/25 धारा 196,296,299 बी0एन0एस0 कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक मोतीउर्र रहमान के मार्गदर्शन में एवं अति. पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी, एस.डी.ओ.पी. कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के निर्देशन में थाना कोतमा पुलिस व्दारा (सनातन धर्म पर की गई अश्लील टिप्पणी से कोई कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित न हो) त्वरित कार्यवाही करते हुये अपराध की विवेचना कर आरोपी रामनाथ साहू पिता रामचरण साहू उम्र 43 वर्ष नि. ग्राम छुलहा थाना कोतमा से घटना में प्रयुक्त मोबाईल फोन जप्त कर गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरी. सुन्द्रेश सिंह,उप निरी.अकबर खान, सउनि बृजेश कुमार पाण्डेय, आर शुभम तिवारी एवं सायबर सेल अनूपपुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

### हशिया नदी में जल संरक्षण का किया गया कार्य

**अनूपपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी की मंशानुरूप प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान में जन अभियान परिषद अनूपपुर के नेतृत्व में अभियान अंतर्गत विकासखण्ड जैतहरी के ग्राम पंचायत भेलमा के हशिया नदी में स्थित स्टॉप डेम में सामूहिक श्रमदान से जल संरक्षण का कार्य किया गया। पानी रुकने से वहां अब मवेशियों, जीव जंतु ,पक्षियों को पानी मिल सकेगा। इस कार्य में विकासखंड समन्वयक श्री फत्ते सिंह, नवांकुर संस्था तथा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के प्रतिनिधि व सदस्य, परामर्शदाता, समाज सेवी, सीएमसीएलडीपी के छात्र छात्राएं एवं स्थानीय लोगों की सहभागिता रही।

## कलेक्टर की सख्ती से खनिज विभाग में
# कोयला-गिट्टी भंडारण की दो अनुज्ञप्तियाँ निरस्त, एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी

जिला प्रभारी अधिकारी खनिज़ की जांच रिपोर्ट के आधार पर कलेक्टर नेहा मारव्या द्वारा गिट्टी भंडारण एवं कोयला भंडारण की अनुज्ञप्ति निरस्त कर एफआईआर दर्ज की गई, ग्राम लुटगांव (रैयत), तहसील डिंडौरी में खनिज कोयला भंडारण हेतु जारी की गई व्यापारी अनुज्ञप्ति को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। कार्यवाही जिला प्रभारी अधिकारी खनिज की जांच रिपोर्ट के आधार पर कलेक्टर नेहा मारव्या द्वारा की गई। यह अनुज्ञप्ति तौसीफ अ. अयूब निवासी वार्ड क्रमांक 12, भालूमाड़ा डबल स्टोरी, जिला अनूपपुर को 25 मई 2023 से 24 मई 2033 तक की अवधि के लिए जारी की गई थी, जिसमें उन्हें खनिज कोयले के भंडारण की अनुमति प्रदान की गई थी।




प्राप्त जानकारी के अनुसार, तहसील डिंडौरी के अंतर्गत ग्राम लुटगांव स्थित खसरा नंबर 114/2 रकबा 0.170 हेक्टेयर भूमि पर कोयला भंडारण की स्वीकृति दी गई थी। 25 अप्रैल 2025 को नायब तहसीलदार अमरपुर द्वारा की गई स्थल निरीक्षण रिपोर्ट में यह पाया गया कि उक्त भूमि पर न तो कोई खनिज भंडारित था, न ही कोई खनन गतिविधि, व्यापार अथवा परिवहन कार्य संचालित हो रहा था। इसके अतिरिक्त, नायब तहसीलदार द्वारा अनुज्ञप्तिधारी को तीन दिवस के भीतर सभी दस्तावेजों के साथ समुचित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का अवसर भी दिया गया था। अनुज्ञप्तिधारी द्वारा प्रस्तुत जवाब एवं दस्तावेज संतोषजनक नहीं पाए गए। इस स्थिति में मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 की धारा 17(1) तथा 17(2) के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए कलेक्टर नेहा मारव्या द्वारा अनुज्ञप्ति को निरस्त करने का आदेश पारित किया गया। आदेश में यह भी उल्लेख किया गया है कि जब किसी अनुज्ञप्तिधारी द्वारा अनुमोदित स्थल पर निर्धारित अवधि में खनिज भंडारण अथवा व्यापारिक गतिविधि नहीं की जाती, तो यह नियमों का उल्लंघन माना जाता है। ऐसे में जनहित एवं शासन के निर्देशों का पालन करते हुए अनुज्ञप्ति निरस्त की गई है। कलेक्टर नेहा मारव्या ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि भविष्य में खनिज संबंधी स्वीकृतियों में समय-समय पर निरीक्षण एवं नियमों के पालन की पुष्टि की जाए, ताकि खनिज संसाधनों का दुरुपयोग रोका जा सके।

इसी प्रकार से अनुज्ञप्ति राकेश कुमार तेकाम निवासी ग्राम बहेरा तहसील व जिला डिंडौरी को 19 दिसंबर 2022 से 11 सितंबर 2032 तक की अवधि के लिए जारी की गई थी, जिसमें उन्हें खनिज गिट्टी, पत्थर, बोल्डर भंडारण की अनुमति प्रदान की गई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, तहसील डिंडौरी के अंतर्गत ग्राम लुटगांव स्थित खसरा नंबर 106/2 रकबा 0.30 हेक्टेयर भूमि पर खनिज गिट्टी, पत्थर, बोल्डर भंडारण की स्वीकृति दी गई थी। 22 अप्रैल 2025 को नायब तहसीलदार अमरपुर द्वारा की गई स्थल निरीक्षण रिपोर्ट में यह पाया गया कि उक्त भूमि पर न तो कोई खनिज भंडारित था, न ही कोई खनन गतिविधि, व्यापार अथवा परिवहन कार्य संचालित हो रहा था। इसके अतिरिक्त, नायब तहसीलदार द्वारा अनुज्ञप्तिधारी को तीन दिवस के भीतर सभी दस्तावेजों के साथ समुचित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का अवसर भी दिया गया था।

अनुज्ञप्तिधारी द्वारा प्रस्तुत जवाब एवं दस्तावेज संतोषजनक नहीं पाए गए। इस स्थिति में मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 की धारा 17(2) के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए कलेक्टर नेहा मारव्या द्वारा अनुज्ञप्ति को निरस्त करने का आदेश पारित किया गया। आदेश में यह भी उल्लेख किया गया है कि जब किसी अनुज्ञप्तिधारी द्वारा अनुमोदित स्थल पर निर्धारित अवधि में खनिज भंडारण अथवा व्यापारिक गतिविधि नहीं की जाती, तो यह नियमों का उल्लंघन माना जाता है। ऐसे में जनहित एवं शासन के निर्देशों का पालन करते हुए अनुज्ञप्ति निरस्त की गई है।कलेक्टर नेहा मारव्या ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि भविष्य में खनिज संबंधी स्वीकृतियों में समय-समय पर निरीक्षण एवं नियमों के पालन की पुष्टि की जाए, ताकि खनिज संसाधनों का दुरुपयोग रोका जा सके।

# वन अधिकार पट्टे पात्र हितग्राहियों को देने मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण

## एसडीएम डिंडौरी ने बताया कैसे होगा चयन

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी

कलेक्ट्रेट ऑडिटोरियम में अनुविभागीय अधिकारी के अंतर्गत आने वाले विकासखंड समनापुर, अमरपुर एवं डिंडौरी के जनपद सीईओ और रेंजर्स, पटवारी, सचिव, मोबेलाइजर, को वन अधिकार के पट्टे बांटने को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया। और कैसे ग्राम पंचायत ,राजस्व और वन कर्मियों को फील्ड में भेजकर पात्र हितग्राहियों के चयन की प्रक्रिया बताई। उक्त प्रशिक्षण में डिप्टी कलेक्टर अक्षय, एसडीओ वन विभाग सुरेन्द्र जाटव, तहसीलदार शशांक शेण्डे सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। एसडीएम ने अधिकारियों को बताया कि ग्राम पंचायत या ग्राम सभा में जागरूकता के अभाव में वन अधिकार के पात्र हितग्राही कितनी जमीन पर काबिज है इसकी



जानकारी नहीं दे पा रहे है। इसलिए ग्राम पंचायत के सचिव, रोजगार सहायक, पटवारी और बीट गार्ड आज 01 मई को प्रशिक्षण दिया गया। 3 मई से 10 मई तक वन ग्रामों में जाकर पात्र वन अधिकार धारक कितनी जमीन पर काबिज है या उसे जमीन लीज पर मिली है।उसका नक्शा और सीमा सत्यापित करेंगे। एसडीएम ने बताया कि ग्राम स्तरीय समिति, ग्राम पंचायत या फिर ग्राम सभा वन भूमि पर काबिज हितग्राहियों का चयन करेगी। इस काम में पटवारी और बीट गार्ड उनका सहयोग करेंगे। संकल्प पारित होने के बाद आवेदन ग्राम सभा में जाएगा, प्रस्ताव में पटवारी और बीट गार्ड अपना अभिमत उसी प्रपत्र में देंगे। इसके बाद ग्राम पंचायत अपना प्रस्ताव उपखंड स्तरीय समिति के पास भेजेगी। समिति में सीईओ , एसडीओ और एसडीएम के साथ तीन अशासकीय सदस्य होंगे। समिति आवेदनों की जांच करेंगे और दस्तावेज में कमी पाए जाने पर फिर ग्राम सभा को भेजेंगे। ग्राम सभा या तो दस्तावेज कंप्लीट कर वापस भेजेगी या फिर निरस्त करेगी। इसके बाद उपखंड स्तरीय समिति से सीधे जिला स्तरीय समिति के पास आवेदन आयेंगे। जिला स्तरीय समिति में कलेक्टर, डी एफ ओ और सहायक आयुक्त के साथ तीन अशासकीय सदस्य होंगे ,जो आवेदनों की जांच करेंगे। यह पूरी प्रक्रिया डेढ़ महीने में पूरी करनी है।ताकि पात्र हितग्राहियों को वन अधिकार के पट्टे वितरित किए जा सके।

# भगवान परशुराम जयंती पर मेकलसुता ब्राह्मण सेवा संघ ने निकाली भव्य शोभायात्रा



## नौ बटुकों का हुआ उपनयन संस्कार

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी

गाडासरई में मेकलसुता ब्राह्मण सेवा संघ द्वारा भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जी की जयंती बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम जी के पूजन-अर्चन से हुई। इसके उपरांत नौ बटुकों का विधिवत उपनयन संस्कार संपन्न कराया गया।उपनयन संस्कार के बाद श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासियों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे के उपरांत नगर में भगवान परशुराम जी की भव्य झांकी निकाली गई, जिसमें समाज के अनेक प्रतिष्ठित गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मेकलसुता ब्राह्मण सेवा संघ के अध्यक्ष तुलसी महाराज ने बताया कि शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से निकली और समस्त नगरवासियों ने श्रद्धाभाव से भगवान परशुराम जी का स्वागत किया।

# सिंगल क्लिक से संबल योजना के तहत 351 हितग्राहियों को 7.36 करोड़ की सहायता राशि वितरित



हरिभूमि न्यूज डिंडौरी

मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना के अंतर्गत डिंडोरी जिले के 351 पात्र हितग्राहियों को 7 करोड़ 36 लाख रुपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की गई। उक्त जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर सभाकक्ष में किया गया, जहां कलेक्टर नेहा मारव्या, श्रम निरीक्षक, अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं हितग्राही मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान हितग्राहियों ने सरकार की इस जनकल्याणकारी योजना के प्रति आभार प्रकट किया और इसे अपनी आजीविका के लिए सहायक बताया। यह योजना राज्य सरकार द्वारा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है।

# दीदी कैफे में प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी

एम पी धुर्वे की अध्यक्षता में दीदी कैफे में प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक आयोजित की गई बैठक में अप्रैल माह में सेवा निवृत होकर एसोसिएशन में पांच नये सदस्य शामिल हुए जिनमें रामचरण सेन लोक निर्माण विभाग, जी.डी चौरसिया लोक निर्माण विभाग ,गोकुल प्रसाद झारिया उद्यानिकी विभाग ,पीतांबर झा वन विभाग ,फूल कली मरावी शिक्षा विभाग इन सभी सदस्यों का स्वागत पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा किया गया ।




बैठक में पेंशनरों की समस्याओं एवं पांच प्रतिशत महंगाई भत्ता के विषय में चर्चा की गई। बैठक में पी एन अवस्थी , राम मूरत ठाकुर, बीपी शुक्ला, जिला अध्यक्ष आर जी तिवारी , राजेंद्र मरावी, एमपी धुर्वे महिला संगठन के जिला अध्यक्ष कुवरिया ,श्रीमती उदयवती धुर्वे , फूल कली मरावी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया ।बैठक में आर एन दीक्षित ,बीपी शुक्ला, पी सी चौरसिया ,राजेंद्र ठाकुर, गुरु प्रसाद मिश्रा, सीताराम पांडे , प्रेमलाल झारिया, गायकवाड, नीता चेनपुरिया, उषा मरावी भगवती मरकाम , सुरेंद्र मेहदेले एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे ।

# हिंदूवादी संगठन के लोगों ने आपत्ती जनक फोटो शेयर करने पर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज डिंडौरी

शहपुरा - विगत कुछ दिनों से कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा देश एवं धर्म विरोधी टिप्पणी एवं फोटो शेयर कर सोशल मीडिया में अफवाह फैलाना और आपसी सद्भाव बिगाड़ने का काम लगातार किया जा रहा है जिसमें पहलगाम हमले में मारे गए पर्यटकों के खिलाफ ग्राम मालपुर निवासी पूर्व जनपद अध्यक्ष शहपुरा द्वारा सोशल मीडिया में धर्म एवं देश विरोधी फोटो शेयर की गई साथ ही आपसी सद्भाव बिगाड़ने वाली टिप्पणी भी की गई जिससे नाराज होकर हिंदूवादी संगठनों एवं शहपुरा निवासियों द्वारा थाना प्रभारी शहपुरा को ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई करने की मांग की गई है। नगर वासियों एवं हिंदूवादी संगठनों द्वारा बताया गया कि उक्त व्यक्ति के द्वारा पूर्व से ही कुछ ना कुछ धर्म विरोधी टिप्पणी सोशल मीडिया में किया जाता रहा है लेकिन पहलगाम हमले में मारे गए पर्यटकों के विरुद्ध की गई टिप्पणी और फोटो शेयर कर जिस प्रकार आपसी सद्भाव बिगाड़ने का साथ ही लोगों के अंदर आपसी वैमनस्यता पैदा किया जा रहा है वह अति शर्मनाक है ऐसे व्यक्ति को देश विरोधी गतिविधियों के लिए कड़ी से कड़ी सजा दिलाए जाने की हम पुरजोर मांग करते हैं। ज्ञापन सौंपते समय हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ता एवं नगर के युवक शामिल रहे।

# मंगलवार को जनसुनवाई में देवरी कला पंचायत भवन का नहीं खुला ताला




## ग्रामीण आवेदन लेकर होते रहे परेशान

**शहपुरा :** जिले में ग्राम पंचायत स्तर पर प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए है। निर्देशों के बाद भी कुछ ग्राम पंचायतों में लापरवाही सामने आ रहीं है। इसी क्रम में इस मंगलवार को जनपद पंचायत शहपुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत बिछिया में जनसुनवाई में केवल पटवारी ही मौजूद रहे। ग्रामीणों का आरोप है कि जनसुनवाई के दौरान ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक व मोबलाईजर नजर नहीं आए। आरोप लगाया गया कि पंचायत द्वारा जनसुनवाई के संबंध में मुनादी भी नहीं कराई गई है, जिस कारण लोगो को जानकारी ही नही है। ऐसा एक मामला ग्राम पंचायत देवरी कला का ग्राम पंचायत भवन का ताला नही खुलने से जनसुनवाई तो नहीं होने की बात ग्रामीणों द्वारा बताई गई है। ऐसे में सवाल उठ रहे है कि कलेक्टर के आदेश का पालन करने में भी जिम्मेदार लापरवाही बरत रहे है। जनसुनवाई में पहुंचे ग्रामीण भी परेशान होते रहे।

# श्रमिक दिवस पर हुआ विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं श्रीमती माया विश्वलाल, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अनूपपुर के निर्देशानुसार मनोज कुमार लढ़िया प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय अनूपपुर, विनोद कुमार वर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं बृजेश पटैल जिला विधिक सहायता अधिकारी की उपस्थिति में 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर हिन्दुस्तान पावर लिमिटेड कम्पनी जैतहरी जिला अनूपपुर में नालसा की योजना (असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सेवाऐं) योजना, 2015 एवं श्रमिकों के अधिकारों के संबंध में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में मनोज कुमार लढ़िया प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय द्वारा उपस्थित श्रमिकों को बताया गया कि श्रमिक दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य श्रमिकों के योगदान को याद करना, सम्मान देना एवं उनके अधिकारों के लिए आवाज उठाना है। देश के विकास में अथक परिश्रम करने वाले श्रमिकों का महत्वपूर्ण योगदान है। परिश्रम वह चाबी है जो किस्मत का दरवाजा खोल देती है। इसी क्रम में सचिव विनोद कुमार वर्मा द्वारा अपने संबोधन में मजदूरों के अधिकार के संबंध में जानकारी दी। साथ ही न्यूनतम मजदूरी, समान मजदूरी, कारखाना अधिनियम के साथ कार्य स्थल पर लैंगिक उत्पीड़न रोकथाम प्रतिषेध अधिनियम, मातृत्व लाभ एवं दिनांक 10 मई, 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में जानकारी दी। जिला विधिक सहायता अधिकारी बृजेश पटैल द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता योजना, विधिक सलाह एवं श्रमिकों के लिए अपराध प्रकोष्ठ योजना की जानकारी दी। तथा किसी भी प्रकार की कानूनी समस्या हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का टोल फ्री नंबर 15100 पर कानूनी जानकारी लेने की सलाह दी। सहायक श्रम अधिकारी श्री अनुर्वत द्विवेदी द्वारा म0प्र0 भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार मण्डल योजना अंतर्गत विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही श्रमिकों को किसी भी प्रकार की समस्या हेतु श्रम विभाग में आने की सलाह दी।

## खबर संक्षेप

### लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन आज

**हरिभूमि न्यूज, नरसिंहपुर ।** राज्य शासन के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत स्तर पर 2 मई को लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन सुबह 11 बजे से किया जायेगा। कार्यक्रम में स्थानीय जन प्रतिनिधिगण लाड़ली बालिकाएं एवं उनके अभिभावक लाड़ली क्लब की अध्यक्ष एवं सदस्य शामिल होंगे। लाड़ली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम में लाड़ली बालिकाओं द्वारा स्वागत भाषण व सांस्कृति प्रस्तुतियां दी जाएंगी। उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाली बालिकाओं एवं कॉलेज में प्रवेशरत बालिकाएं जिन्हें प्रोत्साहन राशि प्राप्त हुई है उन्हें भी सम्मानित किया जायेगा। लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं को आश्वासन प्रमाण- पत्र वितरित किये जायेंगे। लाड़ली क्लब की सदस्य बालिकाएं अपने अनुभव सांझा करेंगी। प्रत्येक स्तर पर कार्यक्रम का संचालन लाड़ली बालिका द्वारा किया जायेगा।

### लगाई गई बिजनेस आइडिया की प्रदर्शनी



**नरसिंहपुर हरिभूमि न्यूज ।** गत दिवस कृषि शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बरहटा में तेजस्वी कार्यक्रम स्कूल शिक्षा विभाग एवं उद्यम लर्निंग फाउंडेशन के सहयोग से चलाया जा रहा है जिसके अन्तर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय 36 टीमों ने अपने बिजनेस आइडिया की प्रदर्शनी लगाई, यह कार्यक्रम विद्यार्थियों में उद्यमशीलता की मानसिकता एवं इक्कीसवीं सदी के कौशल को विकसित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है इस कार्यक्रम में विभिन्न अतिथि उपस्थित जिसमें विद्यार्थियों ने न। केवल अपने कौशल का प्रदर्शन किया किस प्रकार एक छोटे से आइडिया को एक स्वरोजगार परक प्रोडक्ट के रूप में बदला जा सकता है। इस कौशल का भी प्रदर्शन किया। ये कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास, अवसरों को पहचानना, यह उनका हल ढूंढना, एक छोटे से विचार को स्वरोजगार के रूप में देखने की क्षमता को विकसित कर रहा है।

### किसानों से की गई धोखाधड़ी, मामला दर्ज

# एफआईआर दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

**हरिभूमि न्यूज , नरसिंहपुर।** बीते लंबे समय से जिले के किसानों के गन्ने का भुगतान ना होने के मामले मे किसानों द्वारा जिला प्रशासन से शिकायत की जा रही थी। जिसमे प्रशासन द्वारा किसानों को रुपए दिलाने का आश्वासन भी दिया गया था। लेकिन मिल संचालक द्वारा किसानों को बकाया भुगतान नही किया गया। किसानों की शिकायत पर प्रशासन द्वार जांच पड़ताल कर कार्रवाई शुरू कर दी गई। जिस पर मिल संचालक सहित अन्य लोगों पर मामला दर्ज कर ठेमी पुलिस ने जांच मे लिया है।

### दोनो कंपनियों के संचालक फरार

जिले में गन्ना किसानों के साथ धोखाधड़ी की शिकायत किसानों द्वारा लंबे समय से की जा रही है जिसमें बड़गुवां नयागांव स्थित आरआर एग्रो खांडसारी मिल और चतुर्भुज ट्रेडिंग कंपनी के संचालकों ने किसानों के 6.5 करोड़ रुपए नहीं चुकाए हैं। आरआर एग्रो पर पहले से ही 5 करोड़ रुपए का बकाया था। जिला प्रशासन ने कंपनी को सशर्त संचालन की अनुमति दी थी। लेकिन कंपनी के संचालकों ने चतुर्भुज नाम की ट्रेडिंग कंपनी के माध्यम से गन्ना खरीदी शुरू कर दी। इस कंपनी ने भी किसानों के करीब डेढ़ करोड़ रुपए नहीं चुकाए। दोनों कंपनियों के संचालक अब फरार हैं।

### इन पर दर्ज हुआ मामला

गन्ना किसानों को भुगतान का मामला पूर्व से ही आर आर एग्रो कंपनी का लंबित था किसानों का




भुगतान की शर्त के चलते प्रशासन द्वारा कंपनी चालू करने की अनुमति दे गई थी लेकिन चतुर्भुज ट्रेडिंग कंपनी द्वारा ढेड़ करोड़ का भी भुगतान नही किया गया। किसानों की शिकायत पर ठेमी पुलिस ने बुधवार शाम को चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। आरोपियों में आरआर एग्रो के संचालक राहुल साव छिंदवाड़ा, कुलदीप पटेल खमरिया, प्रतीक पुरी नरसिंहपुर और मनोज गोस्वामी सहजपुरा बहोरीपार शामिल हैं। ठेमी पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने धारा 318(4) के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई।

### किसानों ने की थी शिकायत

आर आर एग्रो मिल द्वारा किसानों का गन्ना खरीद कर पिराई कर ली गई लेकिन किसानों को पैसों का भुगतान नहीं किया गया था। उक्त संबंध प्रशासन द्वारा मिल संचालन की स्वीकृति चतुर्भुज ट्रेडिंग कंपनी को दी गई थी जिस पर ढेड़ करोड़ रूपये की राशि का भुगतान शेष है जिसे लेकर किसानों द्वारा शिकायत की गई जिसमें अरविंद लोधी, बृजेश लोधी, बेनीप्रसाद लोधी, कमल सिंह लोधी, अरविंद सिंह, आदि पटेल, रानी पिंडरई, प्रहलाद पटेल, प्रदीप लोधी, गुलाब खान, राजकुमार पटेल, रमेश पटेल, आशीष गुमास्ता, पुष्पेंद्र लोधी, मुकेश पटेल और महेंद्र पटेल शामिल हैं। किसानों की शिकायत के आधार पर पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है।

## आशा ऊषा सहयोगियों ने सौंपा ज्ञापन



**नरसिंहपुर हरिभूमि न्यूज ।** गत दिवस प्रदेश की आशा, उषा और आशा सहयोगी कार्यकर्ताओं ने वेतन वृद्धि को लेकर सरकार को चेतावनी दी है। नरसिंहपुर जिले में कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। आशा ऊषा आशा सहयोगी संयुक्त मोर्चा मध्य प्रदेश ने कहा कि 2023 में मुख्यमंत्री द्वारा घोषित 1000 रुपए की वार्षिक वेतन वृद्धि अभी तक लागू नहीं हुई है। इससे प्रदेश की हजारों आशा और पर्यवेक्षक कार्यकर्ता नाराज हैं। संयुक्त मोर्चा ने बताया कि 1 मई को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन किया गया। 20 अप्रैल 2025 को आशा कार्यक्रम के 20 वर्ष पूरे हुए। इस दौरान देश भर में जश्न मनाया गया। लेकिन मध्य प्रदेश की आशाएं कम वेतन में काम कर रही है। मोर्चा ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को वेतन वृद्धि मिल रही है। लेकिन आशा कार्यकर्ताओं के मुद्दे पर सरकार और स्वास्थ्य विभाग मौन हैं। उनकी मांग है कि 2023 में घोषित वेतन वृद्धि तुरंत लागू की जाए। साथ ही जुलाई 2024 से एरियर का भुगतान किया जाए। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि अगर मांगें नहीं मानी गईं तो 7 मई 2025 को भोपाल स्थित एमडी एनएचएम कार्यालय के सामने प्रदर्शन करेंगे। मोर्चा ने स्वास्थ्य मंत्री से प्रदर्शन के दिन प्रतिनिधिमंडल से मिलने का आग्रह भी किया है।

### जन शिक्षण संस्थान द्वारा मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस

**नरसिंहपुर हरिभूमि न्यूज ।** गत दिवस जन शिक्षण संस्थान द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस का आयोजन ग्राम इमलिया के प्रशिक्षण केंद्र पर आयोजित किया गया स इस अवसर पर मुख्य अतिथि नीरज कुशवाहा ने बताया कि दुनिया भर में आज का दिन 1 मई मजदूर दिवस के रूप में मनाया जाता है। श्रमिकों के लिए एक दिन समर्पित करने का बड़ा कारण है। मजदूर दिवस मनाने का महत्व विभिन्न देशो में अलग अलग हो सकता है , लेकिन यह एक सन्देश देता है कि मजदूरों का योगदान समाज में महत्वपूर्ण है और उन्हें सम्मान व न्याय मिलना चाहिए। उन्होंने कहा है कि किसी भी राष्ट्र का भार मजदूर के कंधो पर टिका होता है। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक आशीष कुमार सेन द्वारा मजदूरों के हितो से जुडी शासन की विभिन्न योजनाओ की जानकारी दी और साथ ही कामगारों को इन योजनाओ के माध्यम से लाभान्वित होने के तरीको से अवगत कराया। इस अवसर पर उपस्थित श्रमिक साथियो का अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान से रोशन पटेल,मुकेश भरिया, कु. अंजलि ठाकुर, नरेंद्र वंशकार,आरती जाटव व श्रमिक साथी एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।



### चोरी गए जेवर सहित चोर गिरफ्तार

**नरसिंहपुर हरिभूमि न्यूज ।** थाना क्षेत्र कोतवाली निवासी विकास पटेल पिता सत्यनारायण पटेल, उम्र 27 साल, निवासी गली नं. 03 धनारे कॉलोनी, नरसिंहपुर के घर से सोने एवं चांदी के आभूषण चोरी होने की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 603/2024 धारा 331(4), 305 (ए) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। सी.सी.टी.व्ही.कैमरे एवं तकनीकी आधार पर अज्ञात चोरों की तलाश पतारसी की गयी जिनकी पहचान शुभम जायसवाल नि. बरेला जबलपुर एवं कन्हैया सोनी नि. चेरीताल जबलपुर के रूप में हुयी। जिस पर पुलिस टीम आरोपी रामानुज उर्फ शुभम जयसवाल पिता श्यामजीत जयसवाल, उम्र 26 साल, निवासी बरेला जबलपुर को गिरफ्तार किया जाकर उसके कब्जे से सोने-चाँदी के आभूषण एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल को जप्त कर आरोपी को न्यायालय प्रस्तुत किया जाकर जिला जेल में दाखिल कराया गया था। प्रकरण में घटना दिनांक से फरार चल रहा था जिसे गिरफ्तार किया जाकर पूछताछ की जाकर चोरी किये हुये सोने के आभूषण सोने के दो हार, सोने की 02 चूड़ी, सोने की एक अंगूठी, 02 सोने के कान के झाले कीमती करीबन 04 लाख 25 हजार रूपये के जब्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया एवं आरोपी को न्यायालय के समझ प्रस्तुत किया ।



## संस्कार का हुआ नेशनल शतरंज प्रतियोगिता में चयन

**नरसिंहपुर हरिभूमि न्यूज ।** केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा रीजनल शतरंज प्रतियोगिता विगत दिनों सागर में सम्पन्न हुई, जिसमें जबलपुर रीजन के समस्त केंद्रीय विद्यालयों ने प्रतियोगिता दी। नरसिंहपुर से अंडर 17 आयु वर्ग में संस्कार सक्सेना ने इस प्रतियोगिता में 6 में से 5 मैच जीतकर द्वितीय स्थान प्राप्त करते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु अपना स्थान सुरक्षित किया। प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हेतु संस्कार को रजत पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। गौरतलब है कि गत वर्ष आयोजित प्रतियोगिता में भी संस्कार ने नेशनल की सूची में अपना नाम दर्ज करते हुए राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश की ओर से प्रतिनिधित्व किया था। संस्कार की इस उपलब्धि पर केंद्रीय विद्यालय की प्राचार्य एवं स्टॉफ ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी। संस्कार, सुप्रसिद्ध कवि गुरु सक्सेना के पोते एवं डॉ. विवेक सक्सेना के पुत्र हैं।



# जनसुनवाई में सुनी लोगों की समस्याएं



**नरसिंहपुर हरिभूमि न्यूज।** गत दिवस मध्यप्रदेश शासन के पूर्व राज्यमंत्री एवं नरसिंहपुर जिले के पूर्व विधायक जालम सिंह पटेल ने विधायक निवास नरसिंहपुर में जनसुनवाई आयोजित की इस अवसर पर आए जन सामान्य लोगो ने अपनी समस्याओं को आवेदन के माध्यम से बताया जिसपर तत्काल संज्ञान लेते हुए पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने संबंधित विभाग को अवगत कराते हुए जानकारी लेकर समस्याओं का निदान कराया जनसुनवाई में लगभग 112 आवेदनों की प्राप्ति हुई जिनपर संज्ञान लेते हुए उन्हें कार्यवाही हेतु आगे प्रेषित किया गया आमजनों के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहने वाले जनप्रिय समाजसेवी जालम सिंह पटेल द्वारा स्थानीय जनों की जनसमस्या हेतु प्रत्येक गुरुवार जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है जिसमें जिले भर से आए लोगों की बात सुन कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाता है जनसुनवाई पर पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने बताया कि आमजनों के कई ऐसी समस्याए होती है जिनके लिए वह परेशान होते है इसके लिए हम हमेशा तत्पर रहते है लेकिन बहुत लोग ऐसे होते है जो संपर्क नहीं कर पाते उनके लिए इस जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है जिससे उनकी समस्याओं का निराकरण हो सके और मेरा ऐसा मानना है कि प्रत्येक जनप्रतिनिधि का यह कर्तव्य है कि उसके क्षेत्र के आमजनों को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए भटकना ना पड़े उनकी समस्याओं पर तत्परता के साथ कार्य करना चाहिए जिस जनता ने उस पर विश्वास किया है उस विश्वास पर वह खरा उतरे उक्त जानकारी देते हुए विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बताया उक्त जनसुनवाई के अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारीयो के साथ जिला भाजपा अध्यक्ष रामस्नेही पाठक सहित अनेक समाजसेवी जनप्रतिनिधि जनो की मौजूदगी रही।



## मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ नरसिंहपुर जिला इकाई ने मुख्यमंत्री के नाम 21 सूत्रीय ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा

**नरसिंहपुर। हरिभूमि न्यूज ।** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया के निर्देश पर पूरे प्रदेश के जिला मुख्यालयों की तरह मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की नरसिंहपुर जिला इकाई ने भी एक मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर शीतला पटले को ज्ञापन सौंपा। पत्रकारों की रैली पत्रकार जनसंवाद केन्द्र से निकलकर कलेक्ट्रेट पहुंची। 21 सूत्रीय मांगों में पत्रकार सुरक्षा कानून तत्काल लागू करने के अलावा विभिन्न मांगों के ज्ञापन को कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने पढ़ा और प्रतिनिधि मंडल को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकार समाज का आईना है। पत्रकार सुरक्षा कानून के अलावा विभिन्न मांगों के आपके इस ज्ञापन को मुख्यमंत्री जी को जल्द पहुंचाया जायेगा। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नवनीत काबरा, संभागीय उपाध्यक्ष संजय जैन, जिला अध्यक्ष बालमुकुंद विनोद कोरी, संभागीय सचिव देवेंद्र बुनकर, संभागीय संयुक्त सचिव संतोष अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष संजय साहू, महासचिव मनोज नौरिया, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सतीश विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष गणेश प्रजापति, संयुक्त सचिव ललित श्रीवास्तव, समीर खान, पंकज गुप्ता, अभय तिवारी, तुलसी नौरिया, नरेंद्र श्रीवास्तव, अरूण शर्मा, सुरेश गिरदौनिया, अमित विश्वकर्मा, संतोष दुबे, गोपाल दुबे, सुबोध नामदेव, तेंदूखेड़ा से राजू सिंह राजपूत, प्रदीप पटेल, राजाराम जाटव, बबलेश रजक, दशरथ सिंह, अरूण झारिया, रविंद्र चौधरी सहित अनेक श्रमजीवी पत्रकार साथी मौजूद थे।




# दिनों दिन तेजी से गिर रहा जमीनी जल स्तर

## हेंड पंप से पानी की जगह निकल रही हवा







पीने के पानी की समस्या गड़बड़ा गई है।

**तेंदूखेड़ा हरिभूमि न्यूज ।** जल संरक्षण और जमीनी जल स्तर को बढ़ाने की दिशा में किए जा रहे प्रयास बौने साबित हो रहे हैं।जिसका जीता जागता प्रमाण तेंदूखेड़ा सहित आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में जमीनी जल स्तर 100 से 150 फुट नीचे जा पहुंचा है। घरेलू और सार्वजनिक हेंडपंपों से पानी की जगह केवल हवा ही निकल रही है। कुछ स्थानों पर एक दो बाल्टी पानी के बाद हेंडपंपों से लाल गंदा पानी आने लगता है।जिसे लेकर लोगों की चिंतायें बढ़ती नजर आ रही है। तेंदूखेड़ा तहसील मुख्यालय के लोग एक दिन छोड़ एक दिन मिल रहे नर्मदा जल पर ही आश्रित बनें हुए हैं।वह भी जब तक बिजली मिल रही है तब तक पानी आने वाले क्षेत्र से यदि बिजली की कटौती हो जाती है तो पानी नहीं आ पाता है।

### ग्रामीण क्षेत्रों की भयावह स्थिति

समीपी ग्राम भौंरा ग्राम पंचायत से सरपंच ओमप्रकाश पटेल का कहना है कि हमारी पंचायत में पानी की गंभीर स्थिति बनी हुई है 11 हेडपंप पूरी तरह से बंद पड़े हुए हैं।लोग अपने निस्तार के पानी के लिए खेतों में जाकर काम चला रहे हैं। ट्यूबवेल के गड्ढों से अब पर्याप्त पानी नहीं निकल पा रहा है।जब लोगों को पानी की यह स्थिति बनीं हुई है तो मवेशियों की स्थिति का स्वयं अदांजा लगाया जा सकता है।

### तीन साल में नहीं बनीं टंकी

आदिवासी ग्राम पंचायत से मर्रावन से आदिवासी महिला सरपंच श्रीमती संजो बाई का कहना है कि हमारी ग्राम पंचायत में खकरैडी ब्रम्हनी मर्रावन इमलिया मौआखेडा छोटा बड़ा दोनों सहित पांच गांव आते हैं। यहां पर पानी काफी तेजी से नीचे चला गया है। लगभग 30 से 32 हेडपंप लगे हुए हैं। सबमें पानी नहीं निकल पा रहा है। यहां वहां से निस्तार करना पड़ रहा है। तीन गांव में पानी की व्यवस्था के लिए नल जल योजना के तहत तीन साल हो गए टेंडर लगे लेकिन अभी तक काम शुरू नहीं हुआ है। अधिकारियों को लिखकर भी दिया है लेकिन आज तक कोई सुनाई ही नहीं हुई है।

### सूख गई नदी विद्युत मोटरों से खींच रहे पानी

समीपी ग्राम मदनपुर के ग्रामीणों का कहना है कि गांव में पानी की टंकी से पेयजल आपूर्ति हो रही है। यदि बिजली कटौती नहीं होती है तो पर्याप्त व्यवस्था बनी रहती है। ग्राम पंचायत में 24 हेडपंप है लेकिन सभी में अपेक्षाकृत पानी नहीं निकल पाता है। गांव के किनारे नदी बहती है वह अब पूरी तरह से सूख गई है। फसलों में पानी देने के लिए चारों तरफ से विद्युत मोटरों के माध्यम से पानी खींचा जा रहा है जिस कारण से नदी और स्टाप डेम भी सूख गये हैं। और इसी कारण से हेंडपंपों का जमीनी जल स्तर भी काफी कम हो रहा है।इतना ही नहीं इस नदी में मवेशियों को पीने के पानी की समस्या गड़बड़ा गई है।

### जब तक बिजली तब तक पानी

पान वाली पीपरवानी से गांव के प्रतिष्ठित पूर्व सरपंच नीरज राव और वर्तमान सरपंच प्रतिनिधि जगदीश चौरसिया बताते हैं कि हमारे गांव की पानी की व्यवस्था बिजली पर निर्भर करती है। यदि सुबह-सुबह बिजली रहती है तो पानी की टंकी भर जाती है और सप्लाई भी हो जाती है। और बिजली नहीं रहती है तो समस्या बन जाती है। हेंड पंपों से पानी निकलना लगभग बहुत कम हो गया है।

### सूखने लगी मूंग की फसल

ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की समस्या के चलते जहां पानी की भयावह स्थिति बनी हुई है। वहीं खेतों में लगी मूंग फसल पानी की कमी के चलते सूखने की स्थिति में आ गई है। ग्राम विचुआ देवरी में कुछ किसानों ने तो अपनी फसल मवेशियों के हवाले कर दी है।इसी मूंग फसल के कारण विद्युत मोटरों से पानी खींचा जाने के कारण जमीनी जल स्तर भी काफी नीचे पहुंचता जा रहा है।